**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1200**

**गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक)**

**देश में बेरोजगारी दर**

**1200. श्री मिथिलेश कुमार:**

**डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले पांच वर्षो के दौरान देश में बेरोजगारी दर सबसे कम रही है;

(ख) देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की क्या स्थिति है;

(ग) देश के शहरी क्षेत्रों में रोजगार की क्या स्थिति है; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करंदलाजे)**

(क) से (घ): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से किए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2018-19, 2019-20, 2021-22 एवं 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) क्रमशः 5.8%, 4.8%, 4.2%, 4.1% और 3.2% थी। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि देश में बेरोजगारी दर में पिछले कुछ वर्षों से गिरावट की प्रवृत्ति है।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2018-19 से 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए रोजगार को दर्शाने वाले अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) निम्नानुसार है:

(%)

| वर्ष | ग्रामीण | शहरी |
|---|---|---|
| **2018-19** | 48.9 | 43.9 |
| **2019-20** | 53.3 | 45.8 |
| **2020-21** | 55.5 | 45.8 |
| **2021-22** | 55.6 | 46.6 |
| **2022-23** | 59.4 | 47.7 |

स्रोत: पीएलएफएस

यह आंकड़े दर्शाते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में देश में रोजगार में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति है।

****